Total No. of Printed Pages—5

# 3 SEM TDC HINH (CBCS) C 5

**2023**

( Nov/Dec )

HINDI

( Core )

Paper : C–5

**( छायावादोत्तर कविता )**

*Full Marks* : 80

*Pass Marks* : 32

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×8=8

(क) केदारनाथ अग्रवाल किस विचारधारा के कवि हैं?

(ख) नागार्जुन का असली नाम क्या था?

(ग) 'हूँकार' किसकी रचना है?

(घ) माखनलाल चतुर्वेदी किस पत्रिका के संपादक थे?

(ङ) प्रयोगवाद के जनक कौन हैं?

(च) गीत बेचने की बात करने वाला कवि कौन है?

(छ) 'विवशता' कविता किसकी रचना है?

(ज) गिरिजाकुमार माथुर का जन्म कब हुआ था?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4×4=16

(क) 'बादल को घिरते देखा है' कविता के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है?

(ख) माखनलाल चतुर्वेदी ने 'गीतों के राजा' किसे और क्यों माना है?

(ग) भवानी प्रसाद मिश्र लुहार से क्या आह्वान करते हैं?

(घ) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना का साहित्यिक परिचय दीजिए।

(ङ) रामधारी सिंह 'दिनकर' बुद्धदेव से फिर धरती पर क्यों लौटने की बात करते हैं?

3. निम्नलिखित की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 8×4=32

(क)

मौत पक्षी-सा
बड़ा दिन
नीम पर
बैठा रहा
मारने पर भी
बड़ा ढेला
उड़ा पक्षी नहीं
नीम ने भी तो
नीचे नहीं ढकेला आह
यह कितना अकेला
निलज
नीरस
आज का दिन।



( Continued )



अथवा

शिवजी की तीसरी आँख से,
निकली हुई महाज्वाला में,
घृत मिश्रित सुखी समिधा-सम,
कामदेव जब भस्म हो गया
रति का क्रंदन सुन आँसू से,
तुमने ही तो दृग धोये थे।

(ख) आह! सभ्यता के प्रांगण में आज गरल-वर्षण कैसा।
घृणा सिखा, निर्वाण दिलाने वाला यह दर्शन कैसा।
स्मृतियों का अंधेर! शास्त्र का दंभ! तर्क का छल कैसा।
दीन-दुखी, असहाय जनों पर अत्याचार प्रबल कैसा।

अथवा

मुझे तोड़ लेना वनमाली
उस पथ पर देना तुम फेंक
मातृ-भूमि पर शीश चढ़ाने
जिस पथ जावें वीर अनेक।

(ग)

पहले बिछाता है आलोक की
लाल-लाल कनियाँ
पर जब खींचता है जाल को
बाँध लेता है सभी के साथ
छोटी-छोटी चिड़िया
मझौले परेवे
बड़े बड़े पंखी
डैनों वाले, डील वाले
डौल के बेडौल
उड़ने जहाज।



( Turn Over )

अथवा

मुझे एक तलवार बना दे,
हवा की जो लहरों पर दौड़े,
इतनी हल्की धार बना दे,
लम्बाई उसकी कितनी हो?
पूरी बढ़ी फसल गेहूँ की,
बढ़ते-बढ़ते तक कितनी हो।

(घ) ड्योढ़ी पर पहले दीप जलाने दो मुझको,
तुलसी जी की आरती सजाने दो मुझको,
मंदिर के घण्टे, शंख और घड़ियाल बजे,
पूजा की साँझ-साँझौती गाने दो मुझको।

अथवा

प्रथम चरण है नये स्वर्ग का
है मंजिल का छोर
इस जन मंथन से उठ आई
पहली रत्न हिलोर
अभी शेष है पूरी होना
जीवन मुक्ता डोर
क्योंकि नहीं मिट पाई दुख की
विगत साँवली कोर।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 12×2=24

(क) नागार्जुन का साहित्यिक परिचय देते हुए 'हिमालय' कविता का सारांश लिखिए।





(ख) एक राष्ट्रीयतावादी कवि के रूप में माखनलाल चतुर्वेदी का मूल्यांकन कीजिए।

(ग) सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय' 'हमारा देश' कविता के माध्यम से क्या संदेश देना चाहते हैं?

(घ) "प्रेम में लगाव और विलगाव की स्थिति विवशता को जन्म देता है।" इस कथन की समीक्षा 'विवशता' कविता के आधार पर कीजिए।

★ ★ ★

Total No. of Printed Pages—3

## 3 SEM TDC HINH (CBCS) C 6

**2023**

( Nov/Dec )

HINDI

( Core )

Paper : C–6

**( भारतीय काव्यशास्त्र )**

*Full Marks* : 80

*Pass Marks* : 32

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×8=8

(क) "रमणीयार्थ प्रतिपादकः शब्दः काव्यम्" किसने कहा है?

(ख) 'नाट्यशास्त्र' के रचयिता कौन हैं?

(ग) औचित्य सम्प्रदाय का प्रवर्तक किसे माना जाता है?

(घ) किसका मत 'युक्तिवाद' के नाम से प्रसिद्ध है?

(ङ) दण्डी किस सम्प्रदाय के समर्थक थे?

(च) वक्रोक्ति को काव्य की आत्मा किस आचार्य ने माना है?

(छ) आचार्य भरतमुनि के अनुसार रस की संख्या कितनी है?

(ज) 'अलंकार सर्वस्व' के रचयिता कौन हैं?

**2.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** पर टिप्पणियाँ लिखिए : 4×4=16

(क) काव्य-हेतु

(ख) रस की अवधारणा

(ग) रीति के भेद

(घ) काव्य में अलंकार का स्थान

(ङ) औचित्य सम्प्रदाय

(च) संचारी भाव

**3.** काव्य के विभिन्न लक्षणों को दृष्टि में रखते हुए उनके स्वरूप का विवेचन कीजिए। 14

*अथवा*

काव्य-प्रयोजन से आप क्या समझते हैं? काव्य-प्रयोजन-विषयक विभिन्न आचार्यों के मतों का प्रतिपादन कीजिए।

**4.** 'साधारणीकरण' से क्या तात्पर्य है? इस विषय में विभिन्न विद्वानों के दिए गए मतों का उल्लेख कीजिए। 14

*अथवा*

अलंकार को परिभाषित करते हुए अर्थालंकार के किन्हीं चार प्रमुख अलंकारों को सोदाहरण लिखिए।





**5.** भारतीय काव्यशास्त्रियों द्वारा ध्वनि-सिद्धांत पर दिए गए विचारों को विस्तारपूर्वक लिखिए। 14

*अथवा*

रीति की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए इसके प्रमुख भेदों को लिखिए।

**6.** विभिन्न विद्वानों द्वारा प्रतिपादित 'वक्रोक्ति-सिद्धांत' का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए। 14

*अथवा*

औचित्य से क्या अभिप्राय है? औचित्य-सिद्धान्त के सन्दर्भ में विभिन्न आचार्यों की मान्यताओं पर प्रकाश डालिए।

★ ★ ★

Total No. of Printed Pages—3

# 3 SEM TDC HINH (CBCS) C 7

**2023**

( Nov/Dec )

## HINDI

( Core )

Paper : C–7

**( पाश्चात्य काव्यशास्त्र एवं नयी समीक्षा )**

*Full Marks* : 80

*Pass Marks* : 32

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×8=8

(क) 'दा स्टेट्समैन' किस दार्शनिक की रचना है?

(ख) अनुकरण सिद्धांत के प्रतिपादक कौन हैं?

(ग) लौंजाइनस के अनुसार श्रेष्ठ साहित्य की रचना के लिए कौन-सी शैली आवश्यक है?

(घ) कॉलरिज ने कल्पना के कितने भेद माने हैं?

(ङ) कल्पना सिद्धांत का प्रतिस्थापक कौन है?

(च) अभिव्यंजनावाद के प्रवर्तक कौन हैं?

(छ) मार्क्सवादी आलोचना का सम्बन्ध मार्क्स के किस सिद्धांत से है?

(ज) प्लेटो के गुरु कौन थे?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4×4=16

(क) प्लेटो के प्रत्ययवाद को संक्षेप में लिखिए।

(ख) अरस्तू ने अनुकृति को किस रूप में स्वीकार किया है? स्पष्ट कीजिए।

(ग) वर्ड्सवर्थ के अनुसार कविता का साधारण जीवन से क्या सम्बन्ध है?

(घ) कॉलरिज के अनुसार कल्पना और ललित कल्पना में अन्तर बताइए।

(ङ) अरस्तू के विरेचन सिद्धांत पर टिप्पणी लिखिए।

(च) शास्त्रीयतावाद आलोचना पद्धति पर टिप्पणी लिखिए।

(छ) मार्क्सवादी दृष्टिकोण की साहित्यिक व्याख्या किसने की है? स्पष्ट कीजिए।



( *Continued* )



3. मार्क्सवादी आलोचना का स्वरूप स्पष्ट करते हुए उसमें यथार्थवादी धारणा का निर्धारण कीजिए। 14

*अथवा*

अरस्तू के अनुकरण सिद्धांत की विवेचना कीजिए।

4. कॉलरिज के कविता-विषयक सिद्धांत की समीक्षा कीजिए। 14

*अथवा*

उदात्त का स्वरूप प्रस्तुत करते हुए उसके विरोधी तत्त्वों पर प्रकाश डालिए।

5. इलियट के अनुसार परम्परा और वैयक्तिक प्रज्ञा सिद्धांत का विश्लेषण कीजिए। 14

*अथवा*

प्लेटो के काव्य सिद्धांतों की सार्थकता और प्रासंगिकता पर प्रकाश डालिए।

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर टिप्पणियाँ लिखिए : 7×2=14

(क) वस्तुनिष्ठ समीकरण सिद्धांत

(ख) फैंटेसी

(ग) शास्त्रीयतावाद

(घ) त्रासदी के कथानक अंग

(ङ) संप्रेषणीयता का सिद्धांत

★ ★ ★